धर्म समाज कालेज, अलीगढ़

आवश्यकता

महाविद्यालय में निम्नलिखित स्थायी रिक्त पदो के लिये ऑनलाइन आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते है –

1– **सहायक लेखाकार** 01 पद (अनारक्षित) वेतनमान 5200–20200, ग्रेड पे रू0 2800/–(Pre- revised) / लेवल–5 (Revised) प्रारम्भिक मूल वेतन रू0 29,200/– एवं अनुमन्य अन्य भत्ते। **शैक्षणिक अर्हता–** वाणिज्य में स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण हो। डोयक (DOEACC) सोसायटी परिवर्तित नाम नाइलेट द्वारा प्रदत्त सी.सी.सी. प्रमाण पत्र एवं कम्प्यूटर पर टैली के अनुभव को वरीयता।

2– **कनिष्ठ सहायक** 09 पद (अनारक्षित 04, EWS 01, अपिव.–02, अनु.जाति–02) **शैक्षणिक अर्हता–** शासनादेश सं0–19/2015/581/सत्तर–2–2015–16(645)/2011 दिनांक –03 नवम्बर, 2015 के अनुरूप इण्टरमीडिएट के साथ–साथ डोयक (DOEACC) सोसायटी परिवर्तित नाम नाइलेट द्वारा प्रदत्त सी.सी.सी. प्रमाण पत्र अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से समकक्ष स्तर का प्रमाण पत्र तथा हिन्दी /अंग्रेजी में क्रमशः 25/30 शब्द प्रति मिनट की टंकण गति।

3– **प्रयोगशाला सहायक** (कुल 13 पद) प्राणि वि. 02 (अपिव. 1, अनु. जा. 01) भू गर्भ वि. 03 (अनारक्षित 02, अनु. जा. 01) भौतिक वि. 02 (अनारक्षित 01, EWS 01) मनो. वि. 01 (अपिव) रसायन वि. 02 (अनारक्षित 1, अपिव. 01) वनस्पति वि. 02 (EWS 01 अनु.जा. 01) सैन्य अध्ययन 01 अनारक्षित।

शैक्षणिक अर्हता– शासनादेश सं0–3/2017/747/सत्तर–2–2016–16 (645)/2011 दिनांक 10 अप्रैल, 2017 के अनुरूप, सम्बन्धित विषय के साथ मान्यता प्राप्त संस्था से स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण हो तथा कम्प्यूटर संचालन में डोयक (DOEACC) सोसायटी परिवर्तित नाम नाइलेट द्वारा प्रदत्त सी.सी.सी. प्रमाण पत्र अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से समकक्ष स्तर का प्रमाण पत्र।

4– **पुस्तकालय सहायक** कुल 03 पद (अनारक्षित 02 , अपिव 01)

शैक्षणिक अर्हता– शासनादेश सं0–19/2015/581/सत्तर–2–2015–16 (645) 2011 दिनांक 03 नवम्बर, 2015 के अनुरूप इण्टरमीडिएट तथा भारत सरकार / राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से पुस्तकालय विज्ञान में 6 माह का प्रमाण पत्र एवं डोयक (DOEACC) सोसायटी परिवर्तित नाम नाइलेट द्वारा प्रदत्त सी.सी.सी. प्रमाण पत्र अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से समकक्ष स्तर का प्रमाण पत्र।

क्रम सख्या 02 से 04 तक का वेतनमान 5200–20200, ग्रेड पे रू0 2000/– (Pre - revised)/लेवल–3 (Revised) प्रारम्भिक मूल वेतन रू0 21,700/– एवं अनुमन्य अन्य भत्ते। विज्ञापित रिक्त पदों की संख्या घट–बढ़ सकती हैं तथा उसी के अनुसार आरक्षण व्यवस्था परिवर्तित होगी।

आयु सीमा– 01 जुलाई 2024 को न्यूनतम आयु 18 वर्ष तथा अधिकतम आयु 40 वर्ष होनी चाहिये। आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को अधिकतम आयु सीमा में उत्तर प्रदेश शासनादेशानुसार छूट प्रदान की जायेगी। नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र धर्म समाज कालेज की बेवसाइट www.dscaligarh.ac.in पद पर दिनांक 25.09.2024 तक पूर्ण कर, ऑनलाइन निर्धारित शुल्क रू0 500/– जमा करने के पश्चात, उसकी हार्डकापी मय स्व–प्रमाणित अंकतालिकाओं एवं प्रमाण–पत्रों की फोटोप्रतियों संलग्न कर, दिनांक 03.10.2024 तक प्राचार्य कार्यालय में हर दशा में केवल रजिस्टर्ड डाक / स्पीडपोस्ट द्वारा जमा होंगे। इसके बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

राजीव अग्रवाल (सचिव)

दिनांक : 30.08.2024

प्रो. मुकेश कुमार भारद्वाज (प्राचार्य)

संशोधन (आवश्यकता)

कॉलेज में कनिष्ठ सहायक के रिक्त 09 पदों पर आरक्षण का निर्धारण करते हुये दिनांक 25.09.2024 तक ऑनलाइन आवेदन आमन्त्रित किये गये थे। उक्त रिक्त 09 पदों में 02 पद चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की पदोन्नति से भरे जाने है। इस कारण पदोन्नति होने पर नियमानुसार आरक्षण में परिवर्तन सम्भावित है। विज्ञापित सभी नियुक्तियाँ लिखित/टंकण परीक्षा एवं उक्त परीक्षा में अर्ह अभ्यार्थियों के साक्षात्कार के आधार पर की जायेंगी। सभी सूचनाऐं कॉलेज की बेवसाइट www.dscaligarh.ac.in पर उपलब्ध रहेंगी।

(प्रो0 मुकेश कुमार भारद्वाज)
प्राचार्य

(राजीव अग्रवाल)
सचिव